**Series : YWXZ4** **SET~4**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code** **346**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

| | **नोट** | | **NOTE** |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं। | (I) | Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं। | (III) | Please check that this question paper contains **24** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। # | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# कराधान
# TAXATION

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **60***
*Maximum Marks : **60***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***दो*** *खण्डों में* ***24*** *प्रश्न हैं :* ***खण्ड क*** *और* ***खण्ड ख*** *।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं जबकि* ***खण्ड ख*** *में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *दिए गए (6 + 18) = 24 प्रश्नों में से उम्मीदवार को 3 घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में (6 + 11) = 17 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी विशेष खण्ड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड क*** *: वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

*(a)* *इस खण्ड में* ***6*** *प्रश्न हैं ।*

*(b)* *कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d)* *प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

*(vii)* ***खण्ड ख*** *: विषयपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

*(a)* *इस खण्ड में* ***18*** *प्रश्न हैं ।*

*(b)* *उम्मीदवार को* ***11*** *प्रश्न करने हैं ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d)* *प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

## खण्ड-क

**(वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)** **(30 अंक)**

**1.** रोज़गार कौशल पर दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***4*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

(i) डिकोडिंग का क्या अर्थ है ?

(A) विचारों का भाषा में परिवर्तन

(B) भाषा का विचारों में परिवर्तन

(C) विचारों और भाषा में परिवर्तन

(D) भाषा और विचारों का परिवर्तन

***General Instructions :***

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This question paper consists of **24** questions in **two** Sections : **Section A** and **Section B**.*

*(iii)* ***Section A** has Objective Type Questions, whereas **Section B** contains Subjective Type Questions.*

*(iv)* *Out of the given (6 + 18) = 24 questions, a candidate has to answer (6 + 11) = 17 questions in the allotted (maximum) time of 3 hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section A** : Objective Type Questions (30 marks) :*

- *(a)* *This section has **6** questions.*
- *(b)* *There is no negative marking.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* ***Section B** : Subjective Type Questions (30 marks) :*

- *(a)* *This section has **18** questions.*
- *(b)* *A candidate has to do **11** questions.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## SECTION A

**(Objective Type Questions)** **(30 Marks)**

**1.** Answer any ***4*** out of the given ***6*** questions on Employability Skills. *4×1=4*

(i) What is meant by Decoding ?

(A) Turning thoughts into communication

(B) Turning communication into thoughts

(C) Turning thoughts and communication

(D) Turning communication and thoughts

(ii) संचार प्रक्रिया में शोर का क्या अर्थ है ?

(iii) स्प्रेडशीट में टेक्स्ट अण्डरलाइन के लिए कौन-सी शॉर्टकट 'की' प्रयुक्त होती है ?

(A) Ctrl + B (B) Ctrl + I

(C) Ctrl + L (D) Ctrl + U

(iv) किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व के वर्णन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मानदण्ड ***नहीं*** है ?

(A) आत्मविश्वास (B) खुलापन

(C) मनोविक्षुब्धता (D) सहमतता

(v) उद्यमिता को एक __________ माना जाता है।

(A) कला (B) विज्ञान

(C) कला एवं विज्ञान दोनों (D) पेशा

(vi) हरित नौकरियों का क्या अर्थ है ?

**2.** दिए गए ***7*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) ₹ __________ की राशि लॉटरी में जीतने पर स्त्रोत पर कर कटौती नहीं होती।

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 20,000

(ii) यदि वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से आरंभ होता है, तो प्रथम तिमाही का अंत कब होता है ?

(A) 31 मार्च (B) 30 जून

(C) 30 सितंबर (D) 31 दिसंबर

(iii) जीएसटी पंजीकरण है :

(A) पैन आधारित (B) पासपोर्ट आधारित

(C) आधार आधारित (D) मतदाता पहचान पत्र आधारित

(iv) भारतीय आयकर अधिनियम 1961 की कौन-सी धारा पैन (PAN) से संबंधित है ?

(A) 139A (B) 140A

(C) 147A (D) 54EC

(v) 'उद्यमी' को परिभाषित कीजिए।

(vi) हरित कौशल के मुख्य आयाम बताइए।

(vii) आईजीबीसी का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) दी इण्डियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल

(B) दी इण्टरनेशनल ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल

(C) दी इण्डियन ग्रीन बेनेफिशियल काउंसिल

(D) दी इण्टरनेशनल ग्रीन बेनेफिशियल काउंसिल

(ii) What is meant by noise in the communication process ?

(iii) What is the shortcut key to underline text in a spreadsheet ?

(A) Ctrl + B (B) Ctrl + I

(C) Ctrl + L (D) Ctrl + U

(iv) Which of the following is ***not*** a parameter to describe an individual's personality ?

(A) Self-confidence (B) Openness

(C) Neuroticism (D) Agreeableness

(v) Entrepreneurship is considered to be :

(A) An art (B) A science

(C) Both an art and a science (D) A profession

(vi) What is meant by Green Jobs ?

**2.** Answer any ***5*** out of the given ***7*** questions. *5×1=5*

(i) TDS is not deducted on wining a lottery up to the amount of

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 20,000

(ii) If the financial year starts from April 1$^{st}$, then the 1$^{st}$ quarter will end on :

(A) March 31$^{st}$ (B) June 30$^{th}$

(C) September 30$^{th}$ (D) December 31$^{st}$

(iii) GST registration is :

(A) PAN based (B) Passport based

(C) Aadhar based (D) Voter ID Card based

(iv) Which section of the Indian Income Tax Act, 1961 deals with PAN ?

(A) 139A (B) 140A

(C) 147A (D) 54EC

(v) Define 'Entrepreneur'.

(vi) List the main dimensions of Green Skills.

(vii) What is the full form of IGBC ?

(A) The Indian Green Building Council

(B) The International Green Building Council

(C) The Indian Green Beneficial Council

(D) The International Green Beneficial Council

3. दिए गए ***7*** प्रश्नों में से किन्हीं ***6*** के उत्तर दीजिए। *6×1=6*

(i) धारा 80C के तहत कटौती के लिए अधिकतम योग्यता सीमा है :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 1,50,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 3,00,000

(ii) दान के लिए धारा 80G के तहत कटौती की अनुमति है :

(A) केवल एक व्यवसायी निर्धारिती के लिए

(B) किसी निर्धारिती के लिए

(C) व्यक्तिगत निर्धारिती या संयुक्त हिन्दू परिवार के लिए

(D) केवल व्यक्तिगत निर्धारिती के लिए

(iii) धारा 80E के तहत उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण पर ब्याज के लिए कटौती का दावा अधिकतम किस अवधि के लिए किया जा सकता है ?

(A) 8 वर्ष (B) 9 वर्ष

(C) 10 वर्ष (D) 12 वर्ष

(iv) धारा 80DD के तहत कटौती का दावा कौन कर सकता है ?

(A) संयुक्त हिन्दू परिवार

(B) व्यक्ति

(C) विकलांग व्यक्ति

(D) संयुक्त हिंदू परिवार व व्यक्ति जो किसी विकलांग व्यक्ति की देखभाल कर रहे हैं।

(v) टीडीएस से क्या तात्पर्य है ?

(vi) एक ऐसा फण्ड बताइए जिसके लिए धारा 80G के तहत 100% छूट निर्धारित है।

(vii) कौन-सी धारा के तहत व्यक्तिगत/संयुक्त हिंदू परिवार के चिकित्सा बीमा प्रीमियम के लिए कटौती अनुमान्य है ?

(A) धारा 80D (B) धारा 80E

(C) धारा 80B (D) धारा 80C

4. दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) आयकर को पूर्णांकित किया जाता है

(A) निकटतम ₹ दस तक (B) निकटतम ₹ एक तक

(C) कर का कोई पूर्णांकन नहीं (D) निकटतम ₹ पाँच तक

3. Answer any ***6*** out of the given ***7*** questions. *6×1=6*

(i) Maximum qualifying limit for deduction under Section 80C is :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 1,50,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 3,00,000

(ii) Deduction under Section 80G on account of donation is allowed to :

(A) A business assessee only

(B) Any assessee

(C) Individual assessee or HUF only

(D) Individual assessee only

(iii) Deduction under Section 80E for interest on education loan taken for higher education can be claimed for a maximum period of :

(A) 8 years (B) 9 years

(C) 10 years (D) 12 years

(iv) Who can claim deduction under Section 80DD ?

(A) HUFs

(B) Individuals

(C) Disabled persons

(D) HUFs and individuals who are caring for a disabled dependent

(v) What do you mean by TDS ?

(vi) State one fund which is eligible for deduction under Section 80G at 100%.

(vii) Which section is related to deduction in respect of medical insurance premium available to individual/HUF ?

(A) Section 80D (B) Section 80E

(C) Section 80B (D) Section 80C

4. Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Income tax is rounded off to

(A) Nearest ten rupees (B) Nearest one rupee

(C) No rounding off of tax (D) Nearest five rupees

(ii) माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा उपकर (SHEC) देय है :

(A) आयकर पर

(B) आयकर अधिभार पर, यदि लागू हो

(C) शिक्षा उपकर पर

(D) आयकर, अधिभार व शिक्षा उपकर यदि लागू हो।

(iii) राधा भारत की निवासी है जिसकी आयु 56 वर्ष है। उनकी वर्ष 2015-16 की कुल आय ₹ 7,26,500 थी। उनकी कर देयता थी।

(A) ₹ 72,410 (B) ₹ 74,210

(C) ₹ 70,410 (D) ₹ 71,410

(iv) शिक्षा कर देय है :

(A) 2% (B) 3%

(C) 5% (D) 10%

(v) धारा 80QQB के तहत लेखकों की रॉयल्टी आय में कटौती निम्नलिखित से अधिक नहीं होगी :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 1,50,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 3,00,000

(vi) धारा 80IC के तहत कटौती की अनुमति दी जाती है यदि करदाता स्थित है :

(A) किसी भी राज्य से

(B) किसी पिछड़े राज्य में

(C) सिक्किम, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड राज्यों में

(D) हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड राज्यों में

**5.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) आईजीएसटी में 'आई' का क्या अर्थ है ?

(A) इंटरनल (B) इण्टीग्रेटेड

(C) इण्टरनेशनल (D) इण्ट्रा

(ii) किसी भी अंतर राज्यीय खरीद पर लगाए जाने वाले कर कहलाते है :

(A) आईजीएसटी (B) सीजीएसटी व एसजीएसटी

(C) एसजीएसटी (D) सीजीएसटी

(iii) भारत के जीएसटी मॉडल में संरचनाओं की संख्या है

(A) 6 (B) 4

(C) 3 (D) 5

(ii) Secondary and Higher Education Cess (SHEC) is leviable on

(A) Income tax

(B) Income tax surcharge if applicable

(C) Education cess

(D) Income tax, surcharge if applicable and education cess

(iii) Radha, a resident of India, is 56 years old. Her total income for assessment year 2015 – 16 was ₹ 7,26,500. Her tax liability was

(A) ₹ 72,410 (B) ₹ 74,210

(C) ₹ 70,410 (D) ₹ 71,410

(iv) Education cess is leviable @

(A) 2% (B) 3%

(C) 5% (D) 10%

(v) Deduction available under Section 80QQB in respect of royalty income of authors shall not exceed _________ in a previous year.

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 1,50,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 3,00,000

(vi) Deduction under Section 80IC is allowed if the business of the assessee is situated

(A) In any state

(B) In any backward state

(C) In the states of Sikkim, Himachal Pradesh and Uttarakhand

(D) In the states of Himachal Pradesh and Uttarakhand

**5.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) What does "I" in IGST stand for ?

(A) Internal (B) Integrated

(C) International (D) Intra

(ii) Taxes that are levied on any Intra State purchases are

(A) IGST (B) CGST and SGST

(C) SGST (D) CGST

(iii) The number of structures in India's GST model is

(A) 6 (B) 4

(C) 3 (D) 5

(iv) भारत में जीएसटी लागू हुआ

(A) 1 जनवरी 2017 (B) 1 अप्रैल 2017

(C) 1 मार्च 2017 (D) 1 जुलाई 2017

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा माल के आयात पर लगाया जाएगा ?

(A) सीजीएसटी (B) एसजीएसटी

(C) आईजीएसटी (D) सीजीएसटी व एसजीएसटी

(vi) निम्नलिखित में कौन-सा कर जीएसटी में शामिल है ?

(A) केन्द्रीय ब्रिकी कर (B) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

(C) वैट (D) आयात शुल्क

**6.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) धारा 80G के तहत कटौती का दावा किस पर किया जा सकता है ?

(A) किराए पर (B) दान पर

(C) चिकित्सा पर (D) शिक्षा पर

(ii) राष्ट्रीय रक्षा कोष में धारा 80G के तहत कितने प्रतिशत की कटौती पात्र है ?

(A) 10% (B) 100%

(C) 75% (D) 50%

(iii) भारत में जीएसटी दोहरे मॉडल पर आधारित है जो कि निम्नलिखित देश से लिया गया है :

(A) यूके (B) कनाडा

(C) यूएसए (D) जापान

(iv) पेंशन निधि में योगदान के लिए कटौती निम्नलिखित धारा से संबंधित है :

(A) 80CCC (B) 80G

(C) 80DD (D) 80GGA

(v) उच्च शिक्षा के लिए ऋण पर ब्याज में कटौती धारा _______ से संबंधित है।

(A) 80E (B) 80G

(C) 80C (D) 80U

(vi) धारा ________ कुछ धर्मार्थ संस्थानों या कोषों को दान से संबंधित है।

(A) 80G (B) 80U

(C) 80GG (D) 80CCF

(iv) GST was implemented in India from

(A) 1st January 2017 (B) 1st April 2017

(C) 1st March 2017 (D) 1st July 2017

(v) Which of the following would be levied on import of goods ?

(A) CGST (B) SGST

(C) IGST (D) CGST and SGST

(vi) Which one of the following taxes is included in the GST ?

(A) Central Sales Tax (B) Central Excise Duty

(C) VAT (D) Import Duty

**6.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Deduction under Section 80G can be claimed on :

(A) Rent (B) Donation

(C) Medical (D) Education

(ii) Contribution to the National Defence Fund is eligible for what percentage of deduction under Section 80G ?

(A) 10% (B) 100%

(C) 75% (D) 50%

(iii) In India, the GST is based on the dual model GST adopted in

(A) UK (B) Canada

(C) USA (D) Japan

(iv) Deduction for contribution to pension fund is related to Section

(A) 80CCC (B) 80G

(C) 80DD (D) 80GGA

(v) Deduction for interest on loan taken for higher education is related to Section

(A) 80E (B) 80G

(C) 80C (D) 80U

(vi) Section __________ is for donations to certain funds or charitable institutions.

(A) 80G (B) 80U

(C) 80GG (D) 80CCF

## खण्ड-ख

**(विषयपरक प्रकार के प्रश्न)** **(30 अंक)**

*रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए।* *3×2=6*

**7.** हरित नौकरियों के दो लाभ बताइए।

**8.** न्यूरोटिसिज्म किसी व्यक्ति को कैसे प्रभावित करता है ?

**9.** एक उद्यमी की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

**10.** ध्यान से सुनने का क्या अर्थ है ?

**11.** ओपनऑफिस इम्प्रेस वीडियो के दो घटकों के नाम दीजिए।

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए।* *3×2=6*

**12.** राम जो कि स्वकार्यरत है, कि कुल सकल आय ₹ 8,90,000 है। उन्होंने ₹ 1,20,000 पीपीएफ में और ₹ 1,10,000 केन्द्र सरकार की पेंशन स्कीम में जमा कराए। उसकी कर देय आय की गणना कीजिए।

**13.** धारा 80C से 80U में कटौती के आधार नियम क्या हैं ?

**14.** आर की वित्तीय वर्ष 2015 – 16 में कुल सकल आय ₹ 4,90,000 थी, जिसमें ₹ 3,90,000 दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ था। उन्होंने वित्तीय वर्ष के लिए पीपीएफ में ₹ 1,40,000 जमा किए। कर देयता की गणना कीजिए यदि :

(a) वह 60 वर्ष से कम आयु के हों।

(b) वह 60 वर्ष से अधिक आयु के हों।

**15.** धारा 80C, 80CCC व धारा 80CCD के अन्तर्गत कटौती की कुल राशि क्या है ?

**16.** उमंग का मासिक वेतन ₹ 80,000 है। पिछले वर्ष 2015 – 16 के लिए उनके द्वारा कर कटौती का दावा ₹ 50,000 था। उनके वेतन पर टीडीएस की सकल दर की गणना कीजिए व वेतन में से प्रत्येक महीने की कटौती की गणना कीजिए।

*दिए गए **3** प्रश्नों में से किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 – 50 शब्दों में दीजिए।* *2×3=6*

**17.** आरव एक लेखक व व्यवसायी है और उन्होंने 31.03.2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्नलिखित सूचना दी :

| | ₹ |
|---|---|
| दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ (भूमि) | 1,00,000 |
| मकान संपत्ति से आय | 1,00,000 |
| वेतन (मानक कटौती के बाद) | 12,00,000 |

कर देयता की गणना कीजिए।

## SECTION B

**(Subjective Type Questions)** **(30 Marks)**

*Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in 20 – 30 words.* *3×2=6*

**7.** State two benefits of Green Jobs.

**8.** How does neuroticism effect a person ?

**9.** State any two characteristics of an entrepreneur.

**10.** What is meant by Active listening ?

**11.** Name two components of an OpenOffice Impress video.

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 20 – 30 words each.* *3×2=6*

**12.** Gross total income of Ram who is self-employed is ₹ 8,90,000. He has deposited ₹ 1,20,000 in PPF and ₹ 1,10,000 in pension scheme of the Central Government. Compute his taxable income.

**13.** What are the basic rules of governing deduction under Section 80C to 80U ?

**14.** R had gross total income of ₹ 4,90,000 for the assessment year 2015 – 16, which included ₹ 3,90,000 as long term capital gains. He had deposited ₹ 1,40,000 in PPF during the year. Compute his tax liability assuming he was :

(a) Less than 60 years of age.

(b) More than 60 years of age.

**15.** What is the aggregate amount of deductions under Sections 80C, 80CCC and Section 80CCD ?

**16.** Umang has a monthly salary of ₹ 80,000. Deductions claimed by him were ₹ 50,000 during the previous year 2015 – 16. Calculate the average rate of TDS payable on his salary and amount that could be deducted every month as TDS on salary.

*Answer any **2** out of the given **3** questions in 30 – 50 words each.* *2×3=6*

**17.** Aarav being an author and a businessman provides us the following information for the year ending 31.03.2023 :

| | ₹ |
|---|---|
| Long Term Capital Gains (land) | 1,00,000 |
| Income from house property | 1,00,000 |
| Salary (after standard deduction) | 12,00,000 |

Compute his tax liability.

18. वस्तु एवं सेवा कर के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।

19. वस्तु एवं सेवा कर विनियमन के अन्तर्गत किन्हीं दो रिटर्न का उल्लेख कीजिए।

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 – 80 शब्दों में दीजिए।* *3×4=12*

20. निम्नलिखित सूचनाओं से X की कुल सकल आय की गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| प्रतिभूतियों पर ब्याज (निवल) | 9,000 |
| लॉटरी से जीत (निवल) | 7,000 |
| जमा पर ब्याज (निवल) | 18,000 |

21. निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर कर निर्धारण वर्ष 2024 – 25 के लिए X की कर देयता की गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ (चाँदी) | 4,00,000 |
| अन्य स्रोतों से आय | 1,00,000 |
| धारा 80C के अन्तर्गत कटौती | 1,50,000 |

22. आहूजा (आयु 45 साल) फर्नीचर का व्यापार करते हैं। वित्तीय वर्ष 2023 – 24 के लिए उनका टर्नओवर ₹ 50,00,000 था। उन्होंने धारा 44AD के प्रावधान नहीं अपनाएँ। उन्होंने अपने सभी खाते धारा 44AA के तहत व्यवस्थित किए हुए हैं। खातों में ₹ 2,64,000 का निवल लाभ पाया गया। क्या उन्हें अग्रिम कर का भुगतान करना होगा ? समाधान सहित बताइए।

23. आर्यन एक आर्किटेक्ट हैं। उन्होंने वर्ष 2023 – 24 के लिए ₹ 3,00,000 की कर देयता का अनुमान लगाया। उन्होंने ₹ 90,000 का अग्रिम भुगतान किया जो कि 15 सितंबर से 26 नवंबर 2024 तक का है। उन्हें उसके बाद एक अनुबंध मिला जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई और वार्षिक कर देयता ₹ 4,00,000 की हुई। आगामी किश्तों में उन्हें कितना अग्रिम कर देना होगा ?

24. एक खुदरा विक्रेता या आपूर्तिकर्ता ने चेन्नई में ही राज्य के एक उपभोक्ता को ₹ 15,000 मूल्य का माल बेचा। इन वस्तुओं पर लागू जीएसटी दर 18% है, सीजीएसटी 9% और एसजीएसटी 9% है। खुदरा विक्रेता द्वारा भुगतान किए गए कुल जीएसटी और तमिलनाडु सरकार और केन्द्र द्वारा एकत्र कर की गणना कीजिए।

**18.** State any two merits of GST.

**19.** Explain any two returns under GST regulations.

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 50 – 80 words each.* *3×4=12*

**20.** From the following details, calculate gross total income of X :

| | ₹ |
|---|---|
| Interest on Securities (Net) | 9,000 |
| Winning from lotteries (Net) | 7,000 |
| Interest on deposits (Net) | 18,000 |

**21.** For the assessment year 2024 – 25, calculate tax liability of X from the following details :

| | ₹ |
|---|---|
| Long Term Capital Gains (Silver) | 4,00,000 |
| Income from Other Sources | 1,00,000 |
| Deduction under Section 80C | 1,50,000 |

**22.** Ahuja (age 45 years) runs a furniture business. The turnover of the business for the financial year 2023 – 24 amounted to ₹ 50,00,000. He has not adopted the provisions of Section 44AD and has maintained the regular books of accounts as per the provisions of Section 44AA. The accounts revealed a net profit of ₹ 2,64,000. Will he be liable to pay advance tax ? State with solution.

**23.** Aryan is an architect. His estimated tax liability for the year 2023 – 24 amounted to ₹ 3,00,000. He has paid advance tax of ₹ 90,000 for $15^{th}$ September to $26^{th}$ November 2024. He got a contract after which his income increased and his revised tax liability for the year amounted to ₹ 4,00,000. In this case, how much advance tax is he required to pay in subsequent instalments ?

**24.** A retailer in Chennai sold goods worth ₹ 15,000 to a consumer within the state. The GST rate applicable on these goods is 18%, CGST @ 9% and SGST @ 9%. Calculate the total GST paid by the retailer and the tax collected by the Tamil Nadu Government and the Centre.